E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–32/2023.......993 दि0 23/02/2024

आदेश

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0–2640 दिनांक–03.04.2023 के विरूद्ध अपीलार्थी श्री राकेश कुमार, (Emp. ID No.- AEN02168), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा द्वारा ''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)'' में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत प्रस्तुत अपील दायर किया गया है।

अपीलार्थी श्री राकेश कुमार के अपील की सुनवाई हेतु दिनांक–09.02.2024 को 04:00 बजे अपराह्न का समय निर्धारित की गई, जिसकी सूचना अपीलार्थी को ई–मेल के द्वारा प्रेषित की गयी है। निर्धारित तिथि एवं समय पर वाद की सुनवाई की गयी।

उभयपक्ष उपस्थित।

अपील अभ्यावेदन पर निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की ओर से मंतव्य दाखिल किया गया। प्रस्तुत अपील में उभयपक्षों को सुनकर अपील आदेश पर रखा गया है।

अपीलार्थी द्वारा दाखिल अपील अभ्यावेदन पर निदेशालय द्वारा दायर मंतव्य व अन्य अभिलेखों, साक्ष्यों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि नियोजन के समय समर्पित डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग का अंक पत्र/प्रमाण–पत्र का सत्यापन हेतु पत्र निदेशालय द्वारा Sarvepalli Radhakrishnan, University, Bhopal (M.P) को भेजा गया।

उक्त प्रेषित पत्र के आलोक में कुलसचिव, Sarvepalli Radhakrishnan, University, Bhopal (M.P) के पत्रांक–126 दिनांक–28.02.2023 द्वारा विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के सत्यापनोपरान्त अपीलार्थी की डिग्री को Not Verified प्रतिवेदित किया गया है।

उक्त सत्यापन प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक–2022 दिनांक–06.03.2023 द्वारा अपीलार्थी से फर्जी प्रमाण–पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के विरूद्ध निर्धारित समय–सीमा के भीतर स्पष्टीकरण समर्पित करने की मांग की गयी है। अपीलार्थी द्वारा निर्धारित अवधि में अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है तथा उल्लेख किया गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा इनके प्रमाण–पत्रों को NOT VERIFIED किया जाना सही नहीं है। अपीलार्थी द्वारा प्रमाण पत्रों को पुनः विश्वविद्यालय से सत्यापन कराने का अनुरोध किया गया है। परन्तु एतद संबंधी कोई स्पष्ट साक्ष्य नहीं दिया गया है, जिससे कि आरोप खंडित हो। समीक्षोपरांत निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा गलत/फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के कारण अपीलार्थी की संविदा नियोजन समाप्त की गई है।

अपीलार्थी द्वारा अपील अभ्यावेदन में कोई ऐसा नया तथ्य नहीं दिया गया है, जो इन पर लगे आरोपों को खंडित करता हो। प्राप्त अपील में उठाये गये बिन्दु तथा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप द्वारा पारित आदेश की विवेचना तथ्यों के आधार पर की गई है।

विवेचनोपरान्त पाता हूँ कि प्रमाण पत्र संख्या–150827 जो दिनांक–25 फरवरी, 2019 को जारी है, फर्जी होने की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा अमान्य (Not Verified) किया गया है। अपीलार्थी फर्जी प्रमाण पत्र पर नियोजन प्राप्त करने में सफल हुए है। निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा निर्गत आदेश में कोई हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

अतः श्री राकेश कुमार, (Emp. ID No.- AEN02168), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा द्वारा दायर अपील अभ्यावेदन अस्वीकृत किया जाता है।

ह0/–
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–32 / 2023.......993.......**पटना, दिनांक** :–23/02/2024

प्रतिलिपिः– श्री राकेश कुमार, (Emp. ID No.- AEN02168), संविदा समाप्त, पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, शेखपुरा, Email ID- rakeshec21@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

23/2/2024

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

ज्ञापांकः–03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–32 / 2023.......993.......**पटना,दिनांक** :–23/02/2024

प्रतिलिपिः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, शेखपुरा / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), शेखपुरा को सूचनार्थ प्रेषित।

23/2/2024

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः–03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–32 / 2023.......993.......**पटना,दिनांक** :–23/02/2024

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

23/2/2024

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः–03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–32 / 2023.......993.......**पटना,दिनांक** :–23/02/2024

प्रतिलिपिः– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

23/2/2024

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः–03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–32 / 2023.......993.......**पटना,दिनांक** :–23/02/2024

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

23/2

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः–03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–32 / 2023.........................**पटना,दिनांक** :–...................

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

23/2/2024

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप